प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में सीजन की पहली बर्फबारी व बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त– सड़क, बिजली व दूरसंचार सेवाएं बाधित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन को बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को युद्धस्तर पर बहाल करने के दिए निर्देश।
- भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच जलमार्गों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस के तीन साल के कार्यकाल ने हिमाचल को विकास की दौड़ में धकेला पीछे।
- कुल्लू में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

मौसम

प्रदेश के ऊंचे व मध्यवर्ती क्षेत्रों में भारी बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रुक–रुक कर जारी है। सीजन की इस पहली भारी बर्फबारी व बारिश से राज्य में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राज्य के अधिकतर सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं वहीं बिजली व दूरसंचार सेवाएं भी बाधित हुई हैं। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–

वीओ– हिमाचल प्रदेश में लंबे इंतज़ार के बाद सीज़न की पहली और भारी बर्फबारी व बारिश से स्थानीय लोगों किसानों व बागवानों के अलावा पर्यटन व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे हैं, हालांकि प्रदेश के कई स्थानों में लोगों को सड़क संपर्क टूटने के आलावा बिजली व दूरसंचार सेवाओं के बाधित होने से समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 453 संपर्क सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध है जबकि 4 हज़ार 2 सौ चौहत्तर बिजली ट्रांसफॉर्मर बाधित हैं । इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 6 घंटों के दौरान चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल–स्पीति, मंडी, शिमला, सिरमौर के कुछ हिस्सों में मध्यम से तेज़ बर्फबारी के कई दौर और कुछ बर्फीले तूफ़ान आने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ख़राब मौसम और

बर्फ़बारी को देखते हुए प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों व पर्यटकों को अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम व सड़क की स्थिति संबंधी आधिकारिक जानकारी लेते रहने की सलाह दी है।

रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

मौसम–2

इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने अगले 6 घंटों में चंबा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, शिमला और सिरमौर ज़िले के कई स्थानों पर भारी बर्फबारी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आगामी 28 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के खराब बने रहने का पूर्वानुमान जताया है। उधर कुल्लू ज़िला के बंजार और मनाली उपमंडल में लगातार हो रही वर्षा व बर्फबारी के चलते कल 24 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन को प्रदेश के बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को तुरंत बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बर्फबारी से बाधित सड़कों को बहाल करने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मी और मशीनरी तैनात की जाए ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत और जलापूर्ति योजनाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए भी ज़रूरी दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्षा और बर्फबारी से प्रदेश के किसानों व बागवानों को राहत मिली है और इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था सहित पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज केरल के कोच्चि में आयोजित अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की बैठक में भाग लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने की। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल प्रदेश और पंजाब में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न पहलों से परिषद को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि रावी नदी को रणजीत सागर बांध से चमेरा बांध तक रिवर क्रूज पर्यटन के लिए विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सतलुज नदी को एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है। यह प्रस्तावित मार्ग हिमाचल प्रदेश के तत्तापानी और नैना देवी मंदिर को पंजाब के आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किया गया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि ये साझेदारी राज्य में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ कर रही है। सिरमौर ज़िला के शिलाई स्थित आई.टी.आई में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाती है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल युक्त रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है और सभी को एक साथ जोड़कर रखने की विचारधारा से पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीति दल बनी है। कांगड़ा ज़िला के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला मंडल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि संगठन के प्रति पार्टी कार्यकर्ताओं का समर्पण आगामी चुनावों में भाजपा की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के तीन साल के कार्यकाल ने हिमाचल को विकास की दौड़ में पीछे धकेल दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार में परिपक्वता का अभाव है और पूरी सरकार एक–दूसरे को निपटाने के चक्रव्यूह में फंसी है।

बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी है। ये पर्व बसंत ऋतु का स्वागत करने और देवी सरस्वती की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। इधर प्रदेश में भी बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कुल्लू में भारी बारिश के बावजूद लोगों में बसंत पंचमी के पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे कुल्लू ज़िला संवाददाता–

कार्ड छूट

प्रदेश पुलिस के जवानों के लिए अब एच.आर.टी.सी बसों में सफर के लिए हिमबस कार्ड बनवाना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस फैसले का उद्देश्य पुलिस कर्मियों की यात्रा को आसान बनाना और उन पर पड़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कर्मी अब अपने विभागीय आईडी कार्ड और मैनुअल पास दिखाकर राज्य पथ परिवहन निगम की बस में सफर कर सकेंगे और इन्हें ही वैध माना जाएगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में सीजन की पहली बर्फबारी व बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त– सड़क, बिजली व दूरसंचार सेवाएं बाधित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रशासन को बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को युद्धस्तर पर बहाल करने के दिए निर्देश।

- भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच जलमार्गों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा– कांग्रेस के तीन साल के कार्यकाल ने हिमाचल को विकास की दौड़ में धकेला पीछे।
- कुल्लू में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।